मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com    www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–14, अंक–3, जुलाई 2013

**किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545**

# कामधेनु पेंट्स ने शिमला में बिखेरे रंग





प्राकृतिक सौंदर्य से भरे शिमला की खूबसूरती में देश की चोटी की 6 पेंट कंपनियों में शामिल कामधेनु पेंट्स ने चार चाँद लगा दिए। कामधेनु पेंट्स ने हिमाचल प्रदेश के डीलर्स की सालाना बैठक के लिए इस बार शिमला को चुना।

शिमला में कुफरी के नजदीक होटल कोटी रिसॉर्ट में 23 और 24 जून 2013 को आयोजित इस कार्यक्रम में कामधेनु पेंट्स और कामधेनु इस्पात लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हिमाचल प्रदेश के 100 से ज्यादा डीलर्स शामिल हुए।

कामधेनु पेंट्स के नेशनल मार्केटिंग हेड, श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में उपस्थित डीलरों को कंपनी की उपलब्धियों और नई योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कामधेनु पेंट्स देश की 6 सबसे बड़ी पेंट कंपनियों में शामिल हो चुकी है और यह देश की सबसे तेजी से बढ़ती पेंट कंपनियों में से एक है।

श्री श्रीवास्तव ने बताया कि कामधेनु पेंट्स का प्रदर्शन लगातार बेहतर हो रहा है। वित्त वर्ष 2012–13 के दौरान पिछले वित्त वर्ष के मुकाबले कामधेनु पेंट्स की बिक्री में 15 फीसदी से ज़्यादा की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कामधेनु पेंट्स के बेहतरीन प्रदर्शन पर डीलरों को धन्यवाद दिया।

कामधेनु पेंट्स के डीजीएम, श्री हरबिंदर सिंह ने बताया कि कंपनी अपनी उत्पादन क्षमता में लगातार विस्तार कर रही है। कंपनी पर्यावरण के अनुकूल पेंट बनाने पर खास तौर पर जोर दे रही है।

इस कार्यक्रम में कामधेनु इस्पात लिमिटेड से श्री राकेश मिसरी, श्री मोहन अग्रवाल जी और श्री विक्रम जी ने भी शिरकत की और कामधेनु पेंट्स के डीलरों के मनोबल में बढ़ोतरी की।

कामधेनु पेंट्स के हिमाचल के डीलरों की इस सालाना बैठक में बेहतर प्रदर्शन करने वाले डीलरों को सम्मानित भी किया गया। भुंटर के उप्पल हार्डवेयर स्टोर को पहला और राजरी के राइजिंग स्टार इंडस्ट्रीज को दूसरा स्थान मिला। वहीं रोहरू के दिल्ली स्टोर को तीसरा स्थान मिला। कंपनी के अधिकारियों ने डीलरों को योजना के तहत गिफ्ट वाउचर भी बाँटे।

कामधेनु पेंट्स ने इस बैठक में हिमाचल में कामधेनु पेंट्स की पहुँच और बढ़ाने पर जोर दिया। श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि हिमाचल प्रदेश कंपनी के लिए बेहद अहम है। कंपनी राज्य के कोने–कोने तक अपने उत्पादों की पहुँच सुनिश्चित करना चाहती है।

दो दिन के इस कार्यक्रम का हिमाचल के डीलरों ने जमकर लुत्फ उठाया। इस दौरान उन्हें कामधेनु पेंट्स की नई बिक्री योजनाओं के बारे में बताया गया। डीलरों ने राज्य में कामधेनु पेंट्स की पहुँच कोने कोने तक पहुँचाने के लिए एडी चोटी का जोर लगा देने का भरोसा भी दिलाया।



# खाद्य सुरक्षा पर अध्यादेश

केंद्र सरकार खाद्य सुरक्षा पर प्रस्तावित कानून को अध्यादेश के जरिये लागू कर दिया है। इस कानून के तहत देश की दो तिहाई आबादी को एक से तीन रूपये किलो की सब्सिडीशुदा दरों पर हर महीने पांच किलो अनाज का कानूनी हक मिलना है।

मंत्रिमंडल ने 3 जुलाई की अहम बैठक में खाद्य सुरक्षा विधेयक के कार्यान्वयन के लिए अध्यादेश लाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी और 5 जुलाई को राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने इस पर हस्ताक्षर भी कर दिए।

इसके साथ ही भारत दुनिया के उन चुनिन्दा देशों में शामिल हो गया जो अपनी बहुसंख्य आबादी को अनाज की गारंटी देते हैं । सवा लाख करोड रूपये के सरकारी समर्थन के साथ ही खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम दुनिया का इस तरह का सबसे बडा कार्यक्रम होगा ।

अध्यादेश आने के बाद भी संबंधित विधेयक को लोकसभा और राज्यसभा की मंजूरी की आवश्यकता होगी। अध्यादेश प्रति व्यक्ति प्रति माह 3, 2 और 1 रुपये किलो के तयशुदा मूल्य पर पांच किलो चावल, गेहूं या मोटे अनाज की गारंटी देगा। दिल्ली और हरियाणा ने अगस्त से इस योजना पर अमल करने का फैसला किया है।

हालाँकि अंत्योदय अन्न योजना के तहत आने वाले लगभग 2.43 करोड अत्यंत गरीब लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत हालांकि 35 किलो अनाज प्रति परिवार प्रति माह मिलेगा ।

# नेताओं को करारा झटका

राजनीति के अपराधीकरण पर लगाम लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने दो अहम फैसले किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 11 जुलाई को एक फैसले में कहा कि यदि कोई व्यक्ति जो जेल या पुलिस हिरासत में है, वह विधायी निकायों के लिए चुनाव लड़ने का हकदार नहीं है। इस फैसले से उन नेताओं को झटका लगेगा, जो किसी आपराधिक मामले में दोषसिद्ध होने के बाद इस समय जेल में बंद हैं।

इसके पहले 10 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दिया कि सज़ायाफ्ता सांसद या विधायक सज़ा की तारीख़ से पद पर रहने के अयोग्य होंगे। कोर्ट ने जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 8 (4) को रद्द करते हुए ये भी कहा कि ये धारा पक्षपातपूर्ण है।

लेकिन इस समय जिन मामलों में दोषी सांसदों, विधायकों या जनप्रतिनिधियों ने निचली अदालत के फैसलों के खिलाफ़ अपील दायर कर रखी है, उन पर ये फैसला लागू नहीं होगा।

इस फैसले ने राजनेताओं के बीच बहस छेड़ दी है और इसके दुरुपयोग की आशंका जताई जाने लगी है। वहीं इस फैसले के खिलाफ संविधान संशोधन पर भी चर्चा चलने लगी है।






# मेहनत का फल मीठा

कड़ी मेहनत पर मीठा फल मिलता है। कामधेनु परिवार की सदस्य सुश्री आशिका हैप्पी ने इस कहावत को सही साबित किया है।

कामधेनु इस्पात लिमिटेड (पेंट डिवीजन) के एकाउंट मैनेजर श्री जीतेंद्र कुमार की बेटी आशिका हैप्पी ने सीबीएसई की ओर से आयोजित मेडिकल एंट्रेंस परीक्षा अच्छे रैंक के साथ पास कर ली है। लाखों छात्रों को पीछे छोड़ते हुए आशिका को एक अच्छे सरकारी मेडिकल कॉलेज में दाखिला मिल गया है।

कामधेनु परिवार सुश्री आशिका हैप्पी की इस कामयाबी पर उन्हें हार्दिक बधाई देता है।




# प्राइम बिलेट से बनता है बेहतरीन कामधेनु SS 10000 स्टील

हर किसी का सपना होता है, अपना घर। एक घर जिसमें उसके परिवार को भरपूर आराम और पूरी सुरक्षा मिले। एक घर जो सदियों तक रहे, पीढ़ी दर पीढ़ी काम आये। पर सपने साकार करने के लिये समझदारी चाहिये और सही जानकारी भी। एक सुरक्षित और मज़बूत घर तभी बन सकता है जब उसमें अच्छी गुणवत्ता का मेटेरियल उपयोग किया जाए। टी एम टी सरिया की अच्छी क्वालिटी मकानों की मज़बूती के लिये बहुत महत्व रखता है।

इसी वजह से बुनियादी ढांचा क्षेत्र की दिग्गज कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लिमिटेड ने देश का पहला 'दुगने रिब्स' और दुगनी मजबूती वाला कामधेनु SS 10000 स्टील बनाते हुए इस बात का ध्यान रखा है कि सिर्फ बेहतरीन प्राइम बिलेट का ही उपयोग किया जाये।

प्राइम बिलेट सीधे तौर पर लौहे के खनिज से बनाया जाता है, जिसे बनाते हुये इसके भौतिक और रसायनिक गुणों को सही प्रकार से नियंत्रित रखा जाता है। ये प्राइम बिलेट जब टी एम टी सरिया बनते हैं तो इनकी गुणवत्ता उत्कृष्ट होती है और इसमें जरूरी लचीलापन रहता है। प्राइम बिलेट से बने सरियों में सूक्ष्म आकार की खोखली पाइपिंग होने की संभावना नहीं रहती है, यहाँ यह जानना बेहद जरूरी है कि पाइपिंग की वजह से सरिया को मोड़ते हुए उसमें दरारें आ सकती हैं जिससे इमारत कमजोर पड़ने का खतरा बना रहता है। सीधे लौह अयस्कों से निर्मित बेहतरीन प्राइम बिलेट से बने कामधेनु SS 10000 स्टील मज़बूत निर्माण के लिये बेहद जरूरी है। जहाँ एक ओर ये बेहतरीन प्राइम बिलेट से बने हैं वहीं इनका निर्माण अंतर्राष्ट्रीय तकनीक से किया जाता है। कामधेनु SS 10000 स्टील गुणवत्ता के लिहाज से न सिर्फ भारतीय कसौटी पर बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्टैंडर्ड पर भी खरा उतरता है। कामधेनु SS 10000 स्टील कंक्रीट को दोगुणे से भी अधिक मजबूती देता है और भूकंप के प्रतिरोध में भी बहुत अधिक प्रभावी है।

भारत के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थाओं में से एक **IIT Roorkee** ने कामधेनु SS 10000 स्टील की गुणवत्ता की जाँच करते हुए पाया कि यह आम सरिया के मुकाबले 254 प्रतिशत अधिक भार सहने की क्षमता रखता है। जाँच के दौरान 16 एम एम के कामधेनु SS 10000 स्टील की वजन उठाने की क्षमता साढ़े चार हजार किलोग्राम से भी अधिक पाई गई जहाँ आम सरिया की क्षमता महज 1783 किलो के करीब ही थी। कामधेनु SS 10000 स्टील में कार्बन, सलफर, फॉस्फोरस, मैग्नीज और सिलिकन की मात्रा भी निर्धारित मानकों से भी काफी बेहतर पाई गई। आई आई टी रूड़की द्वारा जाँच में यह उत्पाद गुणवत्ता के मामले में उत्कृष्ट साबित हुआ।

बाज़ार में इस उत्कृष्ट उत्पाद के आने के थोड़े ही समय में कामधेनु SS 10000 स्टील की भारी माँग इस बात की ओर इशारा करती है कि आज का उपभोक्ता सजग और समझदार है और उसे गुणवत्ता की परख है।

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री मोहन (शाखा प्रबंधक)
**मैसर्स शंकरा इन्फ्रास्ट्रक्चर मैटेरियल लि0**
2–टी–114/29, कुलूर–कवूर मार्ग
मैंगलोर–575013
मो. – 09845219696

श्री संदीप शर्मा
**मेसर्स संदीप आयरन टिम्बर एण्ड स्टोन कंपनी**
नांगलोई, दिल्ली
मो. – 9899376008

श्री प्रिय रंजन
**मेसर्स रंजन स्टील हाउस**
गया, बिहार
मो. – 09431256579, 09304049511